नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 179/2021
Dt-14-6-2021

जिला पदाधिकारी,
मधुबनी।

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर नगर पंचायत में सफाईकर्मियों की हड़ताल से उत्पन्न स्थिति एवं उनकी मांगो का निराकरण कराने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र के झंझारपुर नगर पंचायत में सफाईकर्मियों की लगातार जारी हड़ताल से शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गयी है। मेरे क्षेत्र भ्रमण के दौरान सफाई कर्मियों ने बताया कि उन्हें न्यूनतम मजदूरी नहीं दिया जा रहा है।

ज्ञात है कि झंझारपुर नगर पंचायत के वार्ड 1 से 16 वार्ड तक सफाई की जिम्मेवारी नंदनी वेस्ट मैनेजमेंट एजेन्सी को प्राप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके सफाई के लिए 14 लाख प्रति माह राशि आवंटित की जाती है। यहां 70 सफाईकर्मी कार्यरत है जिन्हें प्रतिमाह 5 हजार रूपये मात्र ही मजदूरी दी जाती है लेकिन वह भी समय से नहीं दिया जाता है।

एजेन्सी द्वारा सफाई कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी की राशि न देना और समय से भुगतान नहीं करना हड़ताल का मुख्य कारण है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त संदर्भ के आलोक में इसकी सत्यता की समुचित जाँच कराने एवं सही समय पर न्यूनतम मजदूरी दिलाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा) 14.6.21

संलग्न–समाचार पत्र की छायाप्रति।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in